<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय तटरक्षक द्वारा संकटग्रस्त मत्स्य नौका की सहायता</u>

1. पोरबंदर से दूर 18 नवंबर की एक दुर्घटना में कृष्णाराज मत्स्य नौका में लगी भीषण आग को **भारतीय तटरक्षक पोत आरूष** ने बुझाया तथा मछुवारों को संकटग्रस्त मत्स्य नौका से बचाने में सहायता प्रदान किया। नौका में कुल 05 कर्मी मौजूद थे।

2. पोरबंदर मछुवारा संघ के अध्यक्ष द्वारा तटरक्षक जिला मुख्यालय पोरबंदर को दूरभाष पर संदेश दिया गया कि पोरबंदर से 14 नॉटिकल मील दूर मत्स्य नौका कृष्णाराज में भीषण आग लग गई है।

3. सूचना मिलते ही, संकटग्रस्त नौका को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय तटरक्षक पोत आरूष को रवाना किया गया। भारतीय तटरक्षक पोत ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की अन्य नौकाओं की सहायता से आग को काबू में किया तथा लगभग डेढ़ घंटे के अंदर आग को बुझा दिया।

4. दुर्घटना में घायल 02 लोगों को मत्स्य नौका हंसदेवी में भेजा गया। तटरक्षक चिकित्सीय दल की जांच में एक व्यक्ति मृत पाया गया तथा दूसरा जलने के कारण बेहोशी की स्थिति में था। घायल कर्मी को चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई।

5. तत्पश्चात् 03 कर्मियों के साथ नौका को दूसरी दिक्षा नौका द्वारा खींच कर पोरबंदर लाया गया।